हरिभूमि
सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 24 अक्टूबर 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

लोन के 19 लाख रुपये हड़पने मां-बेटे की हत्या, शिक्षिका की सहेली का पति गिरफ्तार

पहले बाथरूम में गला घोंटकर शिक्षिका को मारा फिर बेटे को राई जंगल में उतारा मौत के घाट


मामले की जानकारी देते एसपी, इनसेट में आरोपी।

शिक्षिका और उसके नाबालिग बेटे की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतिका की शिक्षिका सहेली का पति है। उसने लोन में मिले 19 लाख रुपये हड़पने के लिए वारदात को अंजाम दिया। पहले शिक्षिका की गला घोंटकर हत्या की और फिर उसके बेटे को घुमाने के बहाने ले जाकर मार डाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर

शुक्रवार को एसपी योगेश पटेल ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर को काली घाट, महावीर पुर कोरयाबारी नर्सरी जंगल के पास कच्चे नाले में नाबालिग का शव मिला था। मृतक की पहचान सुजल बरेठ के रूप में हुई। उसके मामा अविनाश बरेठ ने बताया कि सुजल की मां रजनी बरेठ केशवनगर ममता कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी। उसका मोबाइल 9 अक्टूबर से बंद था। पुलिस ने 11 अक्टूबर की रात मकान का ताला तोड़कर जांच की तो बाथरूम में रजनी का शव मिला।

खास बात
- सीसीटीवी फुटेज से खुला दोहरे हत्याकांड का राज, साइबर सेल की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची

लोन के रुपये बने हत्या की वजह

जांच में पता चला कि आरोपी प्रवेश कुमार की पत्नी और रजनी एक ही स्कूल में शिक्षिका थीं। इसी वजह से आरोपी का रजनी के घर आना-जाना था। आरोपी ने मोटर पार्ट्स व्यवसाय के लिए 20 लाख रुपये का लोन लिया था। उसे पता था कि रजनी को भी 19 लाख रुपये का लोन मिलने वाला है। रुपये खाते में आने की जानकारी मिलने पर उसने हत्या की योजना बनाई। 9 अक्टूबर को आरोपी कार धुलवाने के बहाने वाशिंग सेंटर पहुंचा और पैदल रजनी के घर गया। शाम को सुजल के ट्यूशन जाने के बाद उसने रजनी से रुपये मांगे। मना करने पर विवाद हुआ। आरोपी ने स्टील की पानी की बोतल से उसके सिर पर वार किया और बाथरूम में ले जाकर करीब 10 मिनट तक पैर से गला दबाए रखा।

मैगी खिलाने के बहाने ले गया

हत्या के बाद आरोपी ने घर व्यवस्थित किया और रजनी की स्कूटी लेकर निकला। बाद में कार से सुजल को घुमाने के बहाने अंबिकापुर ले गया और मैगी खिलाई। वापसी में राई जंगल में बाथरूम जाने के बहाने उसे उतारा। सुजल ने भागने की कोशिश की तो आरोपी ने सीमेंट के खंभे के टुकड़े से सिर और सीने पर वार कर हत्या कर दी। शव काली घाट के नाले में फेंक दिया।

सीसीटीवी से आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने कॉलोनी और वाशिंग सेंटर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कार के नंबर सीजी 15 ईजी 7101 से आरोपी की पहचान हुई। पूछताछ में प्रवेश कुमार ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से दोनों के मोबाइल फोन, दस्तावेज, आभूषण, घटना में प्रयुक्त ग्रैंड विटारा कार, सीमेंट का टुकड़ा और पानी की बोतल बरामद की। आरोपी ने कार की खून लगी मैट जला दी थी। आरोपी परवेश उर्फ प्रवेश कुमार (36), निवासी बिश्रामपुर, मूलतः हरियाणा का रहने वाला है। आईजी दीपक झा के निर्देश पर गठित टीम और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा किया।

इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुर विकास देशमुख, थाना प्रभारी जयनगर अमित गुप्ता, थाना प्रभारी झिलमिली सरफराज फिरदौसी, एसआई पीयूष चन्द्राकर, पीएसआई पवन झा, कपिल, रंजना, एएसआई अरूण गुप्ता, राकेश यादव, चौकी प्रभारी करंजी विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र एक्का, रविशंकर पाण्डेय, आनंद सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, अजय प्रताप राव, राजीव गवेल, विकास मिश्रा, रौशन सिंह, युवराज यादव व साइबर सेल अम्बिकापुर के एएसआई अजित मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह सक्रिय रहे।





खबर संक्षेप

डोंगाकोहरौद में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 27 से

पामगढ़। समीपस्थ ग्राम डोंगाकोहरौद में मंगलवार 27 अक्टूबर से राम नाम की गूंज सुनाई देगी, जहां अखंड नवधा रामायण का आयोजन रखा गया है । इस आयोजन में सोमवार 26 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली जावेगी। तत्पश्चात 27 अक्टूबर की सुबह से अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ होगा। 4 नवंबर को कथा विश्राम होगी जिसके बाद 5 अक्टूबर को हवन सहस्त्रधारा , ब्राह्मण भोजन के साथ रामायण यज्ञ का समापन होगा। इस बीच 27 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक निरंतर रामचरितमानस की दोहा चौपाइयों का मानस मंडलियों द्वारा गायन के साथ प्रवचन किया जाएगा। अखंड नवधा रामायण आयोजन समिति द्वारा जिले सहित अन्य जिलों की मानस मंडलियों को निमंत्रण दिया गया है तथा उन्हें मानस गायन के लिए आमंत्रित की गई है । यह आयोजन गांव के सचिवालय परिसर पर आयोजित किया गया है। उक्त आयोजन में भाग लेने वाले मानस मंडलियों को समिति द्वारा दूरी के हिसाब से यात्रा व्यय दिया जावेगा। अखंड नवधा रामायण के आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति समस्त ग्रामवासी जुटे हुए है। प्रतिदिन बाहर से आने वाले मानस मंडलियों को भंडारा प्रसाद खिलाया जाएगा तथा उनके रुकने के लिए आवास की व्यवस्था भी की गई है।

कृषि विभाग चलाएगा जागरुकता कार्यक्रम

सक्ती। खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम 22 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 नवंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिले मे कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ग्रामवार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी। भारत सरकार के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा कृषि को अधिक सस्टेनेबल, पर्यावरण अनुकूल एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले मे कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ग्रामवार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेत बचाओ अभियान का प्रमुख उद्देश्य किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों एवं अन्य कृषि आदानों के संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित करना है। साथ हीतिलहन, दलहन और बागबानी मिशन के माध्यम से फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना, चावल के परती क्षेत्रों का समुचित उपयोग करना, फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देना और आईइसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष जलाने से बचने के लिए जागरूक करना, किसानों को जैविक/जैविक उत्पादों के उपयोग में प्रशिक्षित करना, जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और प्रक्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, जल संरक्षण, पुनर्भरण और कटाई के बारे में जागरूकता पैदा करना, स्थायी कृषि तकनीकी को प्रोत्साहित करना आदि जागरुकता कार्यक्रम शामिल है।

शिवरीनारायण में मां दुर्गा को नम आंखों से दी गई विदाई

शिवरीनारायण। नवरात्रि पर्व के दौरान धर्मनगरी शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड स्थित भव्य दरबार में विराजमान शिवरीनारायण की महारानी को गुरुवार शाम 8 बजे नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई के इस भावुक पल में श्रद्धालुओं ने मां के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। नवरात्रि के दिनों में मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दरबार पहुंचे थे। पूरे नौ दिनों तक माता की आराधना, भक्ति और धार्मिक आयोजनों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। विदाई की घड़ी आते ही भक्तों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदा करते हुए अगले वर्ष फिर से नगर में पधारने की कामना की। मां दुर्गा के प्रति लोगों की गहरी आस्था और भावनात्मक जुड़ाव ने विदाई के माहौल को भक्तिमय बना दिया। नवरात्रि के नौ दिनों तक सजे मां के दरबार में उमड़ी श्रद्धा और विदाई के समय भक्तों की भावुकता ने एक बार फिर धर्मनगरी शिवरीनारायण की धार्मिक परंपरा और आस्था को दर्शाया।

स्काई लाइट, अभिव्यक्ति एवं साईंनाथ फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन

कोसम महोत्सव का मंत्री श्याम बिहारी करेंगे शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार से कोरिया साहित्य महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा भी शामिल होंगे। कोरिया के साहित्य प्रेमियों के लिए यह एक अनूठा अवसर होगा जब नई प्रतिभाओं के मंचन के साथ पूरे देश में साहित्य व कला में ख्याति रखने वाले कई विख्यात व्यक्तित्व कोरिया साहित्य महोत्सव के मंच को गरिमा प्रदान करने उपस्थित होंगे।


कोरिया साहित्य महोत्सव का यह आयोजन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं एसईसीएल क्षेत्र बैकुंठपुर के विशेष सहयोग से स्काई हाइट्स वेलफेयर सोसायटी एव साईनाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित झुमका बोट क्लब परिसर में स्थित ओपन थियेटर में यह आयोजन शनिवार को दोपहर बाद शाम तीन बजे से आरंभ होगा। कोसम के चैथे संस्करण में लोक नृत्यों की प्रस्तुति व स्थानीय कलाकारों का वादन, गायन भी रखा गया है। टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कोसम के मंच पर प्रथम दिवस युवा कवि सम्मेलन, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन वादन के साथ लोकगीतों की भी प्रस्तुति को जोड़ा गया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार कोसम के मंच को गौरव प्रदान करेंगे। डॉ. उषा साहू प्रख्यात लोकरंग कचरा बोदरा की प्रस्तुति प्रथम दिवस के आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी।


श्यामबिहारी

कोरिया साहित्य महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्साहित आयोजकों ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस परिचर्चा के लिए राज्य शासन के कुछ विभागीय प्रमुखों के अलावा समाज के एक ज्वलंत विषय साइबर अपराध पर सुरक्षा और सावधानी विषय पर विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देने के लिए आ रहे हैं। प्रदेश के ख्यापित साहित्य प्रेमियों के अलावा काव्य से अपनी अलग पहचान बना रहे युवा कवियों के साथ कई स्थापित कवि भी कोसम के मंच पर आमने सामने होंगे। इसके लिए कई स्थानों से लगभग आधा दर्जन कवि कोसम के मंच पर काव्यपाठ करने के लिए आ रहे हैं। इन सभी स्थापित साहित्यकारों के अलावा सरगुजा से लेकर दुर्ग संभाग तक के तीस से ज्यादा कवि अपनी रचनाओं का पाठ प्रथम दिवस करेंगे। इस आयोजन में साहित्यप्रेमियों, रचनाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। कोरियावासियों को आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए टीम ने बताया कि यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर बाद तीन बजे से आरंभ होकर रात दस बजे तक अनवरत चलेगा। इसमें दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क रखा गया है।

बेनीपुरा में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम





बच्चों को दिया गया पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित रिफार्म उत्सव के अंतर्गत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 22 अक्टूबर 2026 को बहुउद्देशीय केंद्र बेनीपुरा में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार प्रदान करने के साथ ही शिशु पोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा और उचित देखभाल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक रिफार्म उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पिछले एक दशक में जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए किए गए महत्वपूर्ण नीतिगत एवं संस्थागत सुधारों को प्रदर्शित करने के साथ ही उनका दस्तावेजीकरण करना है। इसी कड़ी में देशभर के पूर्ण एवं संचालित बहुउद्देश्यीय केंद्रों (एमपीसी) में 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2026 तक स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण संबंधी जागरूकता एवं बाल देखभाल को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बहुउद्देश्यीय केंद्र बेनीपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में उचित पोषण की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए नियमित रूप से संतुलित भोजन, स्वच्छता और उचित देखभाल अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता उनके शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होती है। विशेषकर शिशु एवं बाल्यावस्था में उचित पोषण मिलने से बच्चों के स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है। इस दौरान पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों की देखभाल के प्रति सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

शरद पूर्णिमा कल, खीर बनाने की है परंपरा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

25 अक्टूबर को शुभ संयोग में शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी सोलह कला से पूर्ण रहने के साथ पृथ्वी के करीब रहती है इसके चलते चंद्र प्रकाश तेज रहता है और मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा में अमृत वर्षा होती है। इस दिन कुछ लोगों के द्वारा उपवास रखकर इंद्र और कुबेर की पूजा विधि-विधान के साथ करते है।

धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अमृत बरसाती है, इसके कारण ही रात को खीर बनाकर चंद्र प्रकाश में रखा जाता है और प्रातःकाल उसे भगवान को अर्पण कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस दिन घर में घी के दीपक भी जलाई जाती है। मान्यता यह भी है कि ऐसा करने से रात में लक्ष्मी जी भ्रमण करती है और जिन घरों में उनकी दीपक जलाकर पूजा की जाती है, उन्हें प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। शरद पूर्णिमा के दिन सुबह स्नान कर व्रत की शुरूआत की जाती है और शाम को लक्ष्मी जी का विशेष रूप से पूजा की जाती है, इसके अलावा कई लोगों के द्वारा सुबह स्नान कर पूजा-अर्चना कर ब्राम्हणों को भोजन कराया जाता है और दान दी जाती है। कथाओं के अनुसार श्रीकृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को रास लीला की थी और अनेक रूप धारण कर सभी के साथ लीलाएं की थी, इसी दिन अमृत वर्षा भी चंद्रमा से होती है।

आयुर्वेद विभाग बांटता है औषधीयुक्त खीर

शरद पूर्णिमा का महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमारे धार्मिक मान्यता को आयुर्वेद विभाग भी मानता है और इस दिन विभाग औषधीयुक्त खीर बनाता है। शरद पूर्णिमा के दिन बनाई गई खीर श्वांस दमा, एलर्जी के मरीजों को अप्रत्याशित रूप से लाभ मिलता है। इसी कारण प्रतिवर्ष आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन ऐसे रोगियों के लिए खीर बनाकर उसमें अन्य औषधी मिलाया जाता है, जो दमा, श्वांस रोगियों के लिए काफी लाभदायक होता है।

हाइवा की चपेट में आया मवेशी, मौत



बैकुण्ठपुर। शहर के डबरीपारा क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर के समय भारी वाहन के ठोकर से एक गाय की घटना स्थल ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर के समय डबरीपारा मुख्य मार्ग पर भवानी तिगड के पास हाईवा डम्फर वाहन क्रमांक सीजी 16 सीयू 9266 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पहले एक बाईक को ठोकर मारी इस घटना में बाईक चालक बाल बाल बच गया लेकिन इसके तुरंत बाद डम्फर वाहन चालक ने सड़क पर एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी इससे गाय की घटना स्थल पर ही सांस थम गई। विदित हो कि शहर में सुबह 8 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है बावजूद प्रतिदिन प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहन शहर में प्रवेश कर जाते है। नियमों के उल्ल्लंघन पर कभी कभार किसी वाहन पर कार्यवाई तो होती है ।

निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में प्राचार्य श्रीमती रजनी सालोमन के मार्गदर्शन में मतदाता साक्षरता क्लब - फ्यूचर वोटर्स के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब के नोडल अधिकारी के. प्रफुल्ल रेड्डी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया, मतदाता जागरूकता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चुनाव मास्टर ट्रेनर एवं विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता मिन्हाजुल हक अंसारी रहे।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रश्न नोडल व सहायक नोडल अधिकारी क्रमशः के. प्रफुल्ल रेड्डी व विवेक कुमार वर्मा द्वारा तैयार किए गया तथा मंच संचालन एवं प्रतियोगिता का संचालन के. प्रफुल्ल रेड्डी ने किया। प्रतियोगिता में कुल 30 प्रश्न पूछे गए।



प्रश्न ईवीएम, वीवीपैट, भारत निर्वाचन आयोग, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, मतदाता सूची, निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका तथा मतदाता साक्षरता क्लब से संबंधित थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम ए में रिबका, सीफा, पूनम, एतेशाम एवं मोहम्मद हसन शामिल रहे। टीम बी में सालेहा, आयुषी, ऐश्वर्या, आयुष एवं निधि ने भाग लिया। टीम ए ने प्रारंभिक अंकों में 7 अंक प्राप्त किए, लेकिन माइनस मार्किंग में 12 अंक गंवाने से उसका अंतिम स्कोर माइनस 5 रहा। वहीं टीम बी ने 14 अंक अर्जित किए और माइनस मार्किंग में 12 अंक गंवाने के बाद 2 अंक के साथ जीत हासिल की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में व्याख्याता देवी प्रसाद काठे, एस. रजक, नेहा सिंह एवं रंजना बड़ा एवं बीएड प्रशिक्षार्थी शिक्षक सतीश यादव,जयप्रकाश लकड़ा शामिल रहे। इसके पश्चात चुनाव में धन का उपयोग—सदुपयोग या दुरुपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सदुपयोग पक्ष की टीम में आशीष, अनुज, सालेहा, अंकुश, आयुष, निधि, आंचल एवं सीफा ने भाग लिया। दुरुपयोग पक्ष की टीम में रिबका, आयुषी, साधना, अमन, प्रिंस, एतेशाम, दिशा एवं शिवम शामिल रहे। प्रतिभागियों ने चुनाव में धन की सकारात्मक भूमिका, चुनावी पारदर्शिता तथा धनबल के अनुचित इस्तेमाल से लोकतंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर अपने विचार और तर्क प्रस्तुत किए। तर्कों की गुणवत्ता एवं तात्कालिक तथ्यों की प्रस्तुति के आधार पर टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

युवा रत्न सम्मान योजना का लाभ ले सकते हैं आवेदक

बैकुण्ठपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक साहित्यिक, शैक्षणिका, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो को प्रोत्साहित करने एवं राज्य स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष एक स्वैच्छिक संगठन तथा निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट युवा का चयन कर उन्हे सम्मानित किया जाता है। योजना के तहत पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों से आगामी 30 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को निर्धारित अवधि में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण एवं सत्यापन कर समय सीमा में अनुशंसा भेजने के निर्देश दिए गए है।

कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा एवं प्रदर्शन

डोमनहिल। देश में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा पदयात्रा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पदयात्रा बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे।



कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई देश के सामने लाई जानी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मत की गरिमा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना सरकार एवं चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है।

नेता प्रतिपक्ष और सांसद की मौजूदगी में वोट बचाओ देश बचाओ अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की गरिमामयी उपस्थिति में अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा की केंद्र सरकार पर निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाताओं के मताधिकार को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने चिंता व्यक्त की। कांग्रेस का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर देशभर में 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे आम नागरिकों के मताधिकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेसजनों को पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी 1 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय महारैली में कोरिया जिले के कांग्रेसजनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बैठक में राष्ट्रीय रैली की तैयारियों, संगठन की भूमिका तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर भी चर्चा की गई। आगामी दिनों में इस अभियान को गांव, नगर, शहर और प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाएगी। इसके लिए जिला, ब्लॉक, मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनचौपालों, आमसभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों को मताधिकार के महत्व, मतदाता सूची की पारदर्शिता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।

न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बलरामपुर, स्थान - रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी-श्रीमती दीप्ति सिंह गौर)
समंस/नोटिस
(भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम अन्तर्गत धारा 372 प्रक्रिया संहिता)
उत्तराधिकार प्रकरण क्र.- 15/2026
प्रोसेस नं.-459/26
प्रोसेस दिनांक-16.10.2026
पेशी दिनांक 12.11.2026
पक्षकार- श्रीमती सदरूनेशा अंसारी वगै.
..... आवेदकगण
-:: विरूद्ध ::-
शाखा प्रबंधक, एच.डी.एफ.सी. बैंक वगै.
.....
अनावेदकगण

प्रति,
आवेदकगण श्रीमती सवसनेशा अंसारी वगै. के द्वारा उत्तराधिकार प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक आम जनता (जिनका हित हो) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाती हूँ तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 16/10/2026 को जारी।

(श्रीमती दीप्ति सिंह गौर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA















खबर संक्षेप

विभागीय परीक्षा के लिए कर्मचारियों की सूची भेजने के निर्देश

अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग में जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षा के संबंध में सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया गया है। आयुक्त, सरगुजा संभाग कार्यालय ने संभाग के सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर अपने-अपने जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विभागीय परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 28 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय को भेजनी होगी। परीक्षार्थियों को कार्यालय में सीधे आवेदन प्रस्तुत करने के बजाए निर्धारित उचित माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विधायक ने मैनपाट के माझी बस्ती बंदना घुटरापारा को लिया गोद

मैनपाट। विधायक रामकुमार टोप्पो ने मैनपाट विकासखंड एवं भाजपा मंडल राजापुर अंतर्गत ग्राम बंदना के घुटरापारा स्थित माझी बस्ती को गोद लेने की घोषणा की है। विधायक ने आश्वस्त किया कि घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने बस्ती में पहुंचकर माझी समाज के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। बस्ती की मौजूदा स्थिति, मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों से अवगत होने के बाद उन्होंने बस्ती के समग्र विकास की जिम्मेदारी लेते हुए इसे गोद लेने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कई पीढ़ियां बीत जाने के बावजूद उनकी बस्ती की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि घुटरापारा माझी बस्ती के युवा साथियों, माताओं-बहनों और वरिष्ठजनों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे अपनी समस्याओं से अवगत कराया। हमारा प्रयास रहेगा कि बस्ती में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाए और यहां के लोगों को बेहतर जीवनयापन के अवसर मिलें। बंदना के घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल राजापुर के विक्की सोनी, जागे राम अगरिया, जीवन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



दसई कर्मा प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने लिया भाग



पोड़ीमोड़। गोटगांव में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम करम डार का विधि विधान से बैगा द्वारा पूजा अर्चना की गई साथ ही वाद्य यंत्र मांदर का भी पूजा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि करमा हमारी संस्कृति है। गांव के लोग इस त्यौहार को बड़े धूमधाम के साथ मानते हैं लेकिन अब धीरे-धीरे करमा विलुप्त होने की स्थिति हो रही है। इसे बचाए रखना हम सभी आदिवासियों की जिम्मेदारी है इसलिए समय-समय पर इसका आयोजन होते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने भाग लिया जिसमें पहला पुरस्कार 7 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार तथा तीसरा पुरस्कार 3 हजार रुपये और चौथा पुरस्कार 1 हजार रुपये रहा। जिसमें पहला स्थान मटीगढा, दूसरा स्थान बगड़ा, तीसरा स्थान सुखदेवपुर, और चौथा स्थान खोरमा रहा। इस दौरान त्रिभुवन सिंह टेकाम, जितेन्द्र दुबे, अमर बहादुर सिंह, राजू सिंह आयाम, दिलभरन सिंह, प्यारेलाल नागवंशी, मुकेश गर्ग, मीना शंभू मरावी, ममता सिंह, मनमाती पंडों, प्रदीप सिंह मरावी, सुमंत प्रजापति, शंभू नाथ मरावी, सातेन सिंह श्याम, सोहर साय पैकरा, इन्द्रपाल चेरवा, अपोलो कुजूर, डॉ. महंत लाल सोनवानी, निशा सोनपाकर, प्रतिमा सिंह मरावी, चंद्रिका प्रसाद आयाम, देवचंद पंडो, रामचंद्र मांझी, दयाशंकर कुशरो, अंजली सिंह आयाम, जीतन सोनहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंग्रेजी शराब दुकान के पास से कॉलरीकर्मी की बाइक व हेलमेट हुआ चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। नगर पंचायत शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान के पास खड़ी एसईसीएल कर्मी की पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल और हेलमेट को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम कोरया निवासी अजय सिंह पिता अनिल कुमार सिंह वर्तमान में ग्राम गेतरा में रहकर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में कार्यरत हैं। गत दिनों 9 अक्टूबर को वह अपनी पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईबी 1697 से शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान पहुंचा था। शाम करीब पांच बजे उन्होंने दुकान के पास तालाब किनारे मोटरसाइकिल खड़ी की और हेलमेट बाइक पर रख दिया,इसके बाद वह वहीं सो गए। रात करीब 8 बजे नींद खुलने पर मौके से मोटरसाइकिल और हेलमेट दोनों गायब मिले,आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला,पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मंत्री नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद निर्माण में लापरवाही का आरोप

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की बदहाली पर फूटा लोगों का गुस्सा, नगरवासियों ने किया चक्काजाम



चक्काजाम करते क्षेत्रवासी।



कलेक्टर से फोन पर चर्चा करते नपा अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य में कथित लापरवाही और धीमी गति से काम किए जाने को लेकर शुक्रवार को नगरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद सड़क निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने से नाराज क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ। कलेक्टर से नगर पालिका अध्यक्ष की बातचीत के बाद करीब आधे घंटे में चक्का जाम समाप्त किया गया।

खास बातें

- सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें
- कलेक्टर से बातचीत के बाद समाप्त हुआ चक्का जाम

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही और लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में एनएच 343 पर चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान नगर वासियों ने सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा हर रोज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित प्रदर्शन में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सड़क पर धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर मिट्टी डालने से धूल की समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए तो धूल से होने वाली परेशानी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क के एलाइनमेंट को दुरुस्त नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किया जा रहा है, वहीं बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम भी लापरवाही के साथ किया जा रहा है। इन समस्याओं के कारण सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और आम लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कलेक्टर से बातचीत की जिसके बाद चक्का जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल हो सका। प्रदर्शनकारियों ने सड़क निर्माण में तेजी लाने, नियमित पानी का छिड़काव करने, एलाइनमेंट सुधारने, बिजली के खंभों की शिफ्टिंग व्यवस्थित ढंग से कराने तथा नाली निर्माण के बाद रास्तों को सुचारु बनाने की मांग की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, बीडी लाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नाली निर्माण में भी अनदेखी का आरोप

नगरवासियों ने नाली निर्माण कार्य में भी लापरवाही बरते जाने की बात कही। लोगों का कहना है कि नाली निर्माण के दौरान पानी का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं, नाली का स्तर ऊंचा हो जाने के कारण कई स्थानों पर लोगों के घरों और अन्य रास्तों से आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक नाली निर्माण के बाद जहां नाली के किनारे मिट्टी भरकर रास्ते को सुचारु रखना जरूरी है, वहां भी अपेक्षित काम नहीं किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों तक आने-जाने में परेशानी हो रही है।

निर्देशों के बाद भी सुधार नहीं होने से नाराजगी

नगर वासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान बुनियादी व्यवस्था की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी यदि निर्माण कार्य में लापरवाही जारी रहती है, तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है।



लव जिहाद को लेकर विहिप एवं बजरंग दल ने घेरा थाना, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

आदिवासी युवक के साथ प्रेम विवाह के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रेम विवाह को लव जिहाद बताते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज ने इस घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन करते हुए पहले नेशनल हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने एनएच जाम करने के साथ ही थाने का घेराव किया। पुलिस प्रशासन ने समझाइश के बाद दो घंटे उपरान्त चक्का जाम और आंदोलन समाप्त कराया।

मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले नगर सैनिक के पद पर पदस्थ ग्राम बालमपुर निवासी कंवर समाज की आदिवासी युवती एवं महेशपुर निवासी मुस्लिम युवक ने परिवार की रजामंदी के बिना प्रेमविवाह कर लिया था। इस मामले में युवती के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घरवालों की आपत्ति के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए युवती को थाने बुलाया था। इस दौरान युवती के घरवालों ने समाज एवं लोक लाज का भय दिखाकर युवती को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन युवती ने उनकी एक नही सुनी और अपनी मर्जी से शादी करने की बात कह युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। घरवालों के काफी समझाने के बाद भी जब कोई असर नही हुआ तब पुलिस ने थाने में युवती का बयान दर्ज करते हुए मजिस्ट्रेटियल बयान कराने के बाद उसकी इच्छानुसार उसे जाने दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद घरवालों ने एक बार फिर उसे समझाते हुए साथ घर चलने को बोला पर युवती ने साफ इंकार कर दिया। अब इस मामले को लव जिहाद का मामला बताते हुए बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज रैली की शक्ल में थाने पहुंचे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारी कुछ देर चक्काजाम करने के बाद थाने का घेराव कर दिया और युवक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से ऐसी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है और पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सूचना पर एसडीओपी टीएस पट्टावी एवं थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल प्रदर्शनकारियों को समझाइश और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वसन दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने ढाई घंटे तक चले चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन को समाप्त किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

- कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना प्रदर्शन हुआ खत्म

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि युवती के घरवाले एवं प्रदर्शनकारियों के कहना है कि युवती को एक बार थाने बुलाया जाये ताकि घरवाले उससे बातचीत कर लिखित रूप से उसका पक्ष जान सके। इस संबंध में युवती को सूचित किया जायेगा अगर वो आने को राजी हुए तो घरवालों को खबर दे दी जायेगी।

आरटीआई कार्यकर्ता सोनी को मिला भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान



अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत के करकमलों से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि तीरथ सिंह रावत ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एक मंच पर सम्मानित करना प्रेरणादायक पहल है। ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने, अपने लक्ष्य हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तनवीर जफर अली ने की। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है। एक्स नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभा सम्मान की हकदार है। किसी व्यक्ति के समर्पण और उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर पहचान मिलने से उसका मनोबल बढ़ता है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डी.के. सोनी को मिला यह सम्मान उनके लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने, सूचना के अधिकार के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए नागरिकों के हितों से जुड़े विषयों पर काम करने वाले लोगों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा एवं प्रदर्शन

डोमनहिल। देश में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा पदयात्रा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पदयात्रा बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में दर्ज कराई है शिकायत

शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता बदहाली में जीने को मजबूर, घर से बेदखल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमदला के शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता आज आर्थिक तंगी और पारिवारिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। शहीद के माता-पिता और भाई ने उनकी पत्नी मस्तूरी सिंह पैकरा पर परिवार की देखभाल नहीं करने और माता-पिता को घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजन ने मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में शिकायत दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार शहीद रमाशंकर सिंह के बलिदान के बाद शासन की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की गई थी। इसके साथ ही शहीद की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति भी मिली। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि उस समय परिवार के भरण-पोषण और माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की बात कही गई थी, लेकिन कुछ समय बाद शहीद की पत्नी ने परिवार से दूरी बना ली। परिजन का दावा है कि इसके चलते शहीद के माता-पिता और भाई को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का कहना है कि जिस बेटे ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज उसी के माता-पिता को जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। परिजन ने आरोप लगाया कि उन्हें अपने ही घर से बेदखल कर दिया गया, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।



न्याय और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग

शहीद के माता-पिता और भाई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी स्थिति की जांच करें और यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। परिजन ने पुलिस अधीक्षक और जन समस्या निवारण शिविर पर शिकायत कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

लड़की पक्ष के लोगों ने शादी करने से किया इनकार तो युवक ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। लड़की पक्ष द्वारा शादी करने से इंकार करने से क्षुब्ध हुए युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोखनिया ऊपरपारा निवासी कमलेश आ. रामसागर (20 वर्ष) ग्राम परसवार निवासी एक युवती से पहचान होने पर पिछले दो साल से युवती के घर आना जाना कर रहा था और दोनों एक दूसरे को पसंद कर रहे थे। इसी बीच 21 अक्टूबर को कमलेश युवती के घर बाइक से गया था। दूसरे दिन दोपहर को युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक के कीटनाशक पी लेने पर युवती के पड़ोसी दुर्गावती ने फोन कर पिता को बताया कि कमलेश जहर पी लिया है। सूचना पर पिता तत्काल पुत्र के पास जाने लगा तभी रास्ते में युवती की दादी और एक युवक कमलेश को लेकर अस्पताल जा रहे थे। पुत्र की हालत गंभीर देख पिता सहित अन्य लोगों ने तत्काल युवक को रेवतपुर अस्पताल लेकर गए लेकिन अस्पताल में किसी के नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर मृतक के पिता रामसागर ने पुलिस को बताया कि कमलेश पिछले दो साल से युवती के घर जाया करता था और दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे लेकिन लड़की के नाबालिग होने पर शादी नहीं किए थे। इसी बीच लड़की के परिवार वालों ने युवक के शराब पीने पर लड़की की शादी करने से इंकार कर दिया। पिता ने अंदेशा जाहिर किया है कि शादी से इंकार करने पर कमलेश ने जहर पी लिया। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करन पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

राज्योत्सव आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक 26 को

अम्बिकापुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी के संबंध में 26 अक्टूबर-2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।



अनोखी सोच संस्था ने पेश की मानवता की मिसाल बेसहारा महिला को दी सम्मानजनक अंतिम विदाई

अम्बिकापुर। अनोखी सोच संस्था ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। स्थानीय सीएमओ कार्यालय के सामने निवास करने वाली और बकरी पालन कर अपना जीवन यापन करने वाली असहाय महिला सुनैना मरकाम का निधन हो गया। परिवार में कोई सदस्य न होने के कारण उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। ऐसे कठिन समय में अनोखी सोच संस्था के सदस्यों ने संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तत्काल पहल की। महिला के निधन की जानकारी मिलते ही संस्था के सदस्यों सभी मिलकर आगे आए। संस्था के सदस्यों सहयोग से दिवंगत सुनैना मरकाम का अंतिम संस्कार गंगापुर मुक्तिधाम में पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस पहल के माध्यम से संस्था ने यह संदेश दिया कि समाज में कोई भी व्यक्ति असहाय हो सकता है, लेकिन मानवता के नाते उसे सम्मानजनक विदाई देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस पुनीत कार्य में सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, चंद्र प्रताप सिंह, दिनेश गर्ग, विजय बंसल, रूपेश बेहरा, अजय ताम्रकार, भोला, बिट्टू मिश्रा, बनाफर, मिट्टू, गुड्डू, सौरभ, अजय साहू, बाडू, प्रदीप, अनिल दास, चंदन, गजानंद, नीरज, मुकेश मुंडा, सावन, नितेश, रोहित सहित संस्था के अन्य सदस्य ने सहयोग प्रदान किया।

कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन, मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी पारदर्शिता की उठाई मांग

रामानुजनगर। श्रीनगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की सुरक्षा तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्वपूर्ण स्थान है। मतदाता सूची निष्पक्ष होनी चाहिए तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को दिल्ली में पुनः प्रदर्शन प्रस्तावित है, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में मेहंदी यादव, बिहारी कुलदीप, इस्माइल खान, चंद्र दत्त दुबे, आनंद कुंवर, राजेंद्र हितकर, निशी गुप्ता, विजय साहू, शतवंत सिंह, अविनाश साहू, बालमुकुंद दास, गुलाब साहू, हेमंत साहू, रामलखन सिंह, राजू राजवाड़े, कृष्ण साहू, फिरोज खान, दिव्या तांजे, अरबीना और खुशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने आभार व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन का समापन किया।

एसपी ने जनरल परेड का किया निरीक्षण आपदा प्रबंधन के संबंध में मॉक ड्रिल

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा पुलिस बल के अनुशासन, टर्नआउट, शारीरिक दक्षता एवं परेड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए।

जनरल परेड के उपरांत आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की स्थिति में पुलिस बल की प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी समन्वय एवं उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रखना, कार्यक्षमता में वृद्धि करना तथा आपदा के समय जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक प्रमोद किसपोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन, प्रशिक्षु सूबेदार ज्योति साहू के साथ पुलिस और नगर सेना के काफ़ी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

परिजन के डाटने के डर से छात्रा ने पी ली जहर, मौत

अम्बिकापुर। परिजन को बिना बताए पिछले छह दिन से सहेली के घर रह रही छात्रा ने परिजन के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डकवा सड़कपारा निवासी स्नेहा मिंज आ. बीरचंद मिंज (15 वर्ष) कक्षा 9वीं की छात्रा थी। 1 अक्टूबर को घर पर थी तभी गांव के ही रीना और मनीषा उसके घर आए और स्नेहा को बधिमा बाजार घूमने जाने की बात कही। तीना शाम को बाजार चले गए जिसके बाद स्नेहा घर नहीं आई। 7 अक्टूबर की दोपहर स्नेहा की छोटी बहन चांदनी मिंज पिता को बताई कि स्नेहा ढोढ़ीपारा रोड के पास कुछ दवा खा ली है और उल्टी कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कीटनाशक का गंध जाने पर तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच पूछताछ में छात्रा ने बताई कि वह खैरबार निवासी सहेली के घर में थी और परिवार वालों के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। निजी अस्पताल में लंबे समय तक इलाज चलने के बाद बीती रात छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री की कॉलोनी में मजदूर ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

अम्बिकापुर। रघुनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री की मजदूर कॉलोनी में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले श्रमिकों के बीच हड़कंप मच गया। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है। बिहार के जिला सिवान अंतर्गत ग्राम भेखपूर्वा निवासी अभिमन्यु शाह आ. संपत शाह (22 वर्ष) मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री में हेल्पर के पद पर काम करता था और फैक्ट्री परिसर में स्थित मजदूर कॉलोनी के एक कमरे में रहता था। 21 अक्टूबर को अभिमन्यु ने दोपहर करीब एक बजे तक ड्यूटी की। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। दोपहर 2 बजे से उसकी दोबारा ड्यूटी थी, लेकिन वह काम पर नहीं पहुंचा। शाम करीब 5 बजे उसके साथ काम करने वाला एक व्यक्ति उसे देखने कमरे पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने इसकी सूचना फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों को दी। इसके बाद किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर अभिमन्यु गमछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। उसे नीचे उतारकर तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आज परिजन के आने के बाद मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

पांच संभाग के 595 खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में ले रहे हिस्सा

चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का आगाज, सांसद ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार से सरगुजा में 26 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज हुआ। 4 दिनों तक चलने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन में सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

खास बात

- फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और सॉफ्टबॉल टेनिस विधा में हिस्सा लेंगे खिलाड़ी

उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने, निरंतर अभ्यास करने तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। खेलों के जरिए राष्ट्रीय एकता की भावना भी मजबूत होती है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए अपने शहर और गांवो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर और आसपास के क्षेत्रों से होती है। विद्यार्थियों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के साथ दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया।



मार्चपास्ट करते खिलाड़ी।

चार खेलों की विभिन्न वर्गों में होंगी प्रतियोगिताएं

चार दिवसीय इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और सॉफ्टबॉल टेनिस की प्रतियोगिताएं विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 19 वर्ष आयु वर्ग के बालकों की फुटबॉल प्रतियोगिता, 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की बास्केटबॉल प्रतियोगिता तथा 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की बैडमिंटन और सॉफ्टबॉल टेनिस प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस खेल कार्यक्रम में बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा संभाग के 215 छात्र और 245 छात्राएं शामिल हो रही हैं। शुभारंभ समारोह में विद्यार्थियों ने बिहू नृत्य, पारंपरिक गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

कल्याणपुर के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक्सयूवी कार को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर अपने गांव लौट रहा पटेल परिवार लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गया,तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक्सयूवी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,वहीं कार में सवार कई लोगों को चोटें आईं हैं। घायलों का अम्बिकापुर और बिलासपुर के अस्पतालों में उपचार जारी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक रिश्तेदार को सिम्स से रेफर किए जाने के बाद अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है।

- घायलों के इलाज हेतु अंबिकापुर अस्पताल कराया गया भर्ती

लटोरी पुलिस ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिपरदा निवासी प्रार्थी नरोत्तम प्रसाद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनके बड़े भाई रामेश्वर प्रसाद पटेल परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ 20 अक्टूबर को अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए हुए थे। धार्मिक कार्य संपन्न करने के बाद सभी 21 अक्टूबर को एक्सयूवी कार क्रमांक सीजी 11 बीटी 4871 से अपने गांव लौट रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे उनकी कार को कल्याणपुर के पास सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीवाई 5199 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट के अनुसार हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अम्बिकापुर के लाइफलाइन अस्पताल ले जाया गया। वहीं, रिश्तेदार जितेंद्र पटेल को गंभीर चोटें आने के कारण बिलासपुर स्थित सिम्स ले जाया गया और वहां से रेफर किए जाने के बाद उन्हें अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के समय कार में रामेश्वर प्रसाद पटेल के अलावा 12 वर्षीय सौरभ पटेल, रूपलाल पटेल, जितेंद्र पटेल और चालक सागर पटेल सवार थे। सूचना पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गैस पाइपलाइन के लिए खोदी गई मिट्टी से टकराकर दो बाइक सवार युवक हुए घायल

बिश्रामपुर। एनएच 43 पर ग्राम केशवनगर में गैस पाइपलाइन बिछाने के दौरान बरती गई कथित लापरवाही से बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए। केशवनगर ढोढ़ी के पास सड़क पर रखे मिट्टी के ढेर से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े जिस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को पहले जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने विचित्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम सायर निवासी प्रदीप सोनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 अक्टूबर की शाम करीब 6.50 बजे उनका छोटा भाई बृज कुमार उर्फ रंगु अपने दोस्त कन्हैया लाल के साथ मोटरसाइकिल से सूरजपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम पंचायत केशवनगर में ढोढ़ी के पास एनएच 43 पर गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई से निकली मिट्टी सड़क पर पड़ी थी,आरोप है कि मौके पर न तो पर्याप्त सुरक्षा संकेत लगाए गए थे और न ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। सड़क पर मिट्टी का ढेर दिखाई नहीं देने के कारण मोटरसाइकिल उस पर चढ़ गई, जिससे दोनों युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई है। दोनों युवकों को उपचार के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने विचित्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 और 125 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

कूटरचित दस्तावेजों से शासकीय भूमि को बेचा, आजाद इराकी समेत पांच के खिलाफ अपराध करने के निर्देश

अम्बिकापुर। जिला प्रशासन ने एक बार फिर से शासकीय भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निजी व्यक्ति के नाम बेचने के मामले में कार्रवाई की है। कलेक्टर सरगुजा ने तहसील मैनपाट के ग्राम केसरा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1378 रकबा 3.46 हेक्टेयर से संबंधित मामले में तहसीलदार मैनपाट के जांच प्रतिवेदन के आधार पर आजाद इराकी सहित कुल 5 व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कराने के निर्देश तहसीलदार मैनपाट को दिए हैं।

- कलेक्टर ने जांच के बाद दिए कार्रवाई के निर्देश

बताया जा रहा है कि ग्राम केसरा तहसील मैनपाट स्थित शासकीय भूमि रिनम्बरिंग खसरा नम्बर 1378 रकबा 3.46 हेक्टेयर को राजस्व अभिलेख में कुटरचना कर अवैध रूप से निजी व्यक्ति के नाम दर्ज करा लिया गया है तथा उक्त भूमि को किसी अन्य निजी व्यक्ति के पास रजिस्ट्री कर दिया गया है। शिकायत प्राप्त होने के पश्चात शिकायत को समय सीमा में दर्ज कर तहसीलदार मैनपाट से जांच प्रतिवेदन मंगवाया गया। जांच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख का अंतिम खसरा नम्बर 650 है। अतः अधिकार अभिलेख में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि नहीं हो सकती। खसरा नम्बर 1378 रिनम्बरिंग खसरा नम्बर है, जो पहली बार 1995-96 में राजस्व दस्तावेजों में आया है। अतः प्रकरण से स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि बाद में कूट रचना कर विजय सिंह आ.चन्द्रचरण सिंह के नाम पर की गई। जिस भूमि को विजय सिंह आ. चन्द्रचरण सिंह के मुख्तार आम दिलीप चिकवा आ. रामप्रसाद चिरवा तथा तुलेश्वर गुप्ता आ.गणेश गुप्ता द्वारा आजाद इराकी आ.रियाजुददीन इराकी, अनुपम कुमार सिंह आ. रामा शंकर सिंह को रजिस्ट्री किया गया। बंदोबस्त वर्ष 1995-96 में भी खसरा नम्बर 1378 शासकीय भूमि के रूप में छोटे झाड़ जंगल मद में ही दर्ज है। इससे भी यह स्पष्ट है कि 1954-55 के अधिकार अभिलेख में निजी भूमि के रूप में खसरा नम्बर 1378 की प्रविष्टि कूट रचना कर की गई है।सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार किसी भी तरह की वन भूमि का हस्तांतरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ही हो सकता है।

अतएव उपरोक्त प्रकरण में जयनगर निवासी आजाद इराकी आ. रियाजुद्दीन इराकी सहित कुल 5 क्रेता और विक्रेताओं के विरुद्ध तहसीलदार मैनपाट को प्राथमिकी दर्ज कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही राजस्व दस्तावेजों में अवैध प्रविष्टि को विलोपित किए जाने हेतु राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

पेज 1 के शेष...

पहले शिक्षिका की बाथरूम में गला...

दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने पहले महिला की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर घर से मृतिका की स्कूटी लेकर घूमने निकल गया। आरोपी ने ट्यूशन गये बेटे को रास्ते से ही घूमने के बहाने अपनी कार में बिठा लिया और उसे मैगी खिलाने के बाद राई जंगल में ले जाकर मृतिका के ही स्टोल से उसका गला घोंटा। जब छात्र ने भागने का प्रयास किया तो आरोपी ने सीमेंट खंबे के नुकीले टुकड़े से सिर और सीने में वार कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी छात्र के शव को लेकर काली घाट के पास नाला किनारे फेंक कर फरार हो गया। शुक्रवार को एसपी योगेश पटेल ने इस दोहरे हत्याकांड से पर्दा उठाया। बता दें कि 10 अक्टूबर को काली घाट महावीर पुर कोरयाबारी नर्सरी जंगल के समीप कच्चे नाले में एक नाबालिग का शव बरामद किया गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को बरामद करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान सुजल बरेठ के रूप में की गई थी। मृतक के मामा अविनाश बरेठ ने मृतक की शिनाख्त की। इसके साथ ही अविनाश बरेठ ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन रजनी बरेठ अपने पुत्र के साथ केशवनगर ममता कालोनी में किराए के मकान में रहती थी और रजनी बरेठ का मोबाइल फोन भी 9 अक्टूबर से बंद आ रहा है, उसकी बहन के घर पर ताला लगा हुआ है। सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस 11 अक्टूबर की रात 2 बजे जब रजनी बरेठ के घर पहुंची और ताला तोडकर अंदर गई तो घर के अंदर बाथरूम में शिक्षिका की लाश पड़ी हुई थी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया था और पुलिस मामले की जांच कर रही थी। प्रारंभिक जांच में महिला की हत्या गला घोंटकर किए जाने की पुष्टि हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी दीपक झा के निर्देश पर एसपी योगेश पटेल द्वारा डबल मर्डर के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था और स्वयं घटना की मोनिटरिंग कर रहे थे लेकिन शुरूआती जांच में पुलिस को हत्यारे या फिर हत्या के कारणों को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिल रहा था। ऐसे में सूरजपुर पुलिस द्वारा सरगुजा साइबर सेल की टीम को भी इस जांच में शामिल किया गया जिसके बाद सरगुजा साइबर सेल की टीम ने एएसपी सूरजपुर योगेश देवांगन और एसडीओपी अभिषेक पैकरा के नेतृत्व में पूरे घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की।

बरामद हुआ मोबाइल फोन और सामान- आरोपी द्वारा जुर्म कबूल किए जाने पुलिस द्वारा घटना स्थलों पर जाकर सीन रिक्रिएशन कराया गया इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से सबूत भी एकत्रित किए गए। आरोपी ने सुजल के दो मोबाइल फोन को अपने घर और रजनी के मोबाइल फोन को अंबिकापुर स्तित अपने ससुराल में छुपाया था। पुलिस ने छात्र के मोबाइल फोन के साथ ही मृतिका के मोबाइल फोन समेत मृतिका रजनी के आधार कार्ड, पेन कार्ड, चेक, डाईविंग लायसेंस, वोटर आईडी कार्ड, एटीएम कार्ड, सोने चांदी के आभूषण भी बरामद किया गया। आरोपी ने घटना में प्रयुक्त कार को जयनगर स्थित कार वासिंग सेंटर में धुलवाया और कार की मैट जिसमें खून लगा था उसे जला दिया। आरोपी के निशानदेही पर ग्राम राई जंगल से मृतक का 1 पैर का चप्पल, घटना में प्रयुक्त ग्राण्ड विटारा कार, घटना में प्रयुक्त सीमेंट खम्भा का टुकड़ा व मृतिका के सिर में प्रहार करने वाले स्टील का पानी बॉटल जब्त किया है।

साइबर सेल की मदद से खुला राज- इस दोहरे हत्याकांड को मूलतः हरियाणा के करनाथ कैथलरोड राजीव कालोनी हाल मुकाम बिश्रामपुर चोपड़ा कालोनी निवासी 36 वर्षीय परवेश उर्फ प्रवेश कुमार आ.गुरदित मल ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी ने पूरी योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने खुद को बचाने के लिए सीसीटीवी से बचने का प्रयास किया। इसके साथ ही तरह के तरीके अपनाए लेकिन अम्बिकापुर साइबर सेल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुर विकास देशमुख, थाना प्रभारी जयनगर अमित गुप्ता, थाना प्रभारी झिलमिली सरफराज फिरदौसी, एसआई पीयूष चन्द्राकर, पीएसआई पवन झा, कपिल, रंजना, एएसआई अरूण गुप्ता, राकेश यादव, चौकी प्रभारी करंजी विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र एक्का, रविशंकर पाण्डेय, आनंद सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, अजय प्रताप राव, राजीव गवेल, विकास मिश्रा, रौशन सिंह, युवराज यादव व साइबर सेल अम्बिकापुर के एएसआई अजित मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

